यह निरीक्षण प्रतिवेदन **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी** के माह 06/2017 से 05/2018 तक के लेखा अभिलेखों पर निरीक्षण प्रतिवेदन जो श्री खुशीराम नौटियाल, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी (तदर्थ) एवं श्री रविशंकर, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 11.06.2018 से 14.06.2018 तक श्री दानिश इकबाल वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित किया गया।

**भाग-I**

1. **परिचयात्मकः** इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री संजय कुमार एवं पवन कुमार सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी तथा श्री प्रमोद कुमार चौधरी वरिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा 14.06.17 से 17.06.2017 तक संपादित की गयी थी। जिसमें माह 09/2013 से 05/2017 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी थी। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 06/2017 से 05/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

2. (i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्रः

(अ) **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी** का मुख्य कार्यकलाप गढ़वाल मण्डल के सात जनपद के अंतर्गत स्थापित सभी चिकित्सा इकाईयों अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारु रूप से संपन्न कर रही है अथवा नहीं इसके लिए समय-समय पर क्षेत्रीय निरीक्षण संपन्न किए जाते जाते है।

(ब) **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी** एवं इकाई द्वारा संचालित योजनाओं का भौगोलिक क्षेत्र समस्त गढ़वाल मण्डल के सात जनपद है।

(अ) विगत तीन वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

**(₹ लाख में)**

| वर्ष | प्रारम्भिक अवशेष | | स्थापना | | गैर स्थापना | | आधिक्य (+) | बचत (-) (समर्पण) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्थापना | गैर स्थापना | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | | |
| **2015-16** | 00 | 00 | 74.56 | 68.37 | 3.70 | 3.69 | -- | 6.20 |
| **2016-17** | 00 | 00 | 82.58 | 66.52 | 3.12 | 3.08 | -- | 16.10 |
| **2017-18** | 00 | 00 | 94.67 | 91.96 | 2.32 | 2.32 | -- | 2.71 |

(ब) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः

| **वर्ष** | **योजना का नाम** | **प्रारम्भिक अवशेष** | **प्राप्त** | **व्यय** | **अधिक्य (+)** | **बचत (-)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |
| 2016-17 | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |
| 2017-18 | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |

(ii) इकाई को बजट प्राप्ति के मुख्य स्त्रोत राज्य सरकार से प्राप्त होते है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत हैः-

1. सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य उत्तराखण्ड शासन देहारादून 2. महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य गढ़वाल मण्डल पौड़ी 3. निदेशक 4 मुख्य चिकित्सा अधिकारी 5. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी 6. प्रभारी चिकित्सा अधिकारी 7. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी 8. प्रशासनिक अधिकारी
2. **लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा में **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी** को आच्छादित किया गया। यह निरीक्षण प्रतिवेदन निदेशक, चिकित्सा स्वास्थय एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह 07/2017 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया। प्रतिचयन अधिकतम व्यय धनराशि के आधार पर किया गया।
3. लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 (डी पी सी एक्ट, 1971) की धारा 13, लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

**भाग-दो (ब)**

**प्रस्तर 1 - विगत तीन वर्षो मे आवश्यकता से अधिक बजट की मांग के कारण कुल ₹ 25.00 लाख की धनराशि को समर्पित किया जाना।**

उत्तराखण्ड बजट मैनुअल में निहित प्रावधानों के अनुसार कार्यालयाध्यक्ष का उत्तरदायित्व होता है कि सम्यक विचारोप्रान्त बजट की मांग प्रस्तुत करे तथा धनराशि के अवशेष रहने की स्थिति में यथा समय समर्पित कर दिया जाना चाहिये जिससे कि अन्यत्र उसका उपयोग हो सके सके।

निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ एवं परिवार कल्याण गढ़वाल मण्डल, पौड़ी के बजट पत्रावली एवं संबन्धित लेखा अभिलेखों के नमूना जाँच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि विगत तीन वर्षो (2015-16, 2016-17 एवं 2017-18) मे निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ एवं परिवार कल्याण गढ़वाल मण्डल, पौड़ी कार्यालय द्वारा रुपए **2500258.00** की धनराशि वर्ष के अंत मे समर्पित किया गया था, जिसका विवरण निम्नवत था-

**(धनराशि ₹ में)**

| **वर्ष** | **स्थापना** | | | **गैर स्थापना** | | | **31 मार्च को कुल समर्पित राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **आवंटन** | **व्यय** | **शेष** | **आवंटन** | **व्यय** | **शेष** | |
| 2015-16 | 7455580 | 6837407 | 618173 | 370000 | 369005 | 995 | 619168 |
| 2016-17 | 8258602 | 6652247 | 1606355 | 312000 | 308563 | 3437 | 1609792 |
| 2017-18 | 9467508 | 9196502 | 271006 | 232000 | 231708 | 292 | 271298 |
| | **25181690** | **22686156** | **2495534** | **914000** | **909276** | **4724** | **2500258** |

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल पौड़ी कार्यालय द्वारा बजट की मांग आवश्यकता से अधिक की जा रही थी तथा अवशेष राशि को वर्ष के अन्त मे समर्पित किया जा रहा था जिस कारण उक्त राशि का अन्यत्र उपयोग किया जाना सम्भव नहीं था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा तथ्यो एवं आंकड़ो की पुष्टि की गयी तथा उत्तर मे बताया कि भविष्य मे आदेशानुसार बजट समर्पित किया जायेगा। इस प्रकार इकाई का उत्तर स्वत: ही लेखा परीक्षा आपत्ति कि पुष्टि करता है।

अत: विगत तीन वर्षो (2015-16, 2016-17 एवं 2017-18) मे आवश्यकता से अधिक बजट कि मांग के कारण कुल ₹ 25.00 लाख कि धनराशि को समर्पित किए जाने का मामला प्रकाश मे लाया जाता है।

**भाग-III**

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | भाग-II 'अ' प्रस्तर संख्या | भाग-II 'ब' प्रस्तर संख्या | STAN |
|---|---|---|---|
| 26/2017-18 | शून्य | 01 | 01 |
| 94/2013-14 | शून्य | शून्य | 01 |

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 26/2017-18 | भाग II (ब) 01 तथा STAN 01 | अप्रस्तुत | यथावत | |
| 94/2013-14 | STAN 01 | अप्रस्तुत | यथावत | |

## भाग-IV

## इकाई के सर्वोत्तम कार्य

------शून्य-------

**भाग-V**

**आभार**

1. कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी** तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है।
2. **लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः**

   **i- शून्य**
3. **सतत् अनियमितताएः**

(i) शून्य

4. **लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया**

| **क्र. सं** | **नाम** | **पद नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|---|
| 01 | डॉ0 डी0पी0 दुर्गापाल | निदेशक | 01.06.17 से 30.06.17 |
| 02 | डॉ0 अनिल कुमार | निदेशक (प्रभारी) | 30.06.17 से 06.11.17 |
| 03 | डॉ0 रवीद्र थपलियाल | निदेशक | 06.11.17 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी** को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे उप महालेखाकार, सामाजिक क्षेत्र कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) महालेखाकार भवन कौलागढ़ देहरादून को प्रेषित कर दी जाएगी।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**